तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 24 नवंबर 2025



13 मितानिन स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ : विधायक साहू





14 कलेक्टर उइके ने धीमी गति से चल रहे पुल निर्माण पर...







# शिक्षकों को नई जिम्मेदारी, अब बच्चों के साथ आवारा कुत्तों की भी निगरानी, आदेश पर विरोध तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबाद

सरकारी विद्यालयों में अब शिक्षकों को बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ आवारा कुत्तों की निगरानी की नई जिम्मेदारी दी गई है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश में शिक्षकों और प्राचार्यों को कुत्तों की जानकारी संकलित करने तथा एक प्रपत्र में उनका विवरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें कुत्तों का रंग, नर या मादा होने की जानकारी, स्वभाव शांत या आक्रामक, पहचान के निशान तथा किस समय विद्यालय परिसर में देखे गए इन सभी बातों का उल्लेख करना होगा। विभाग का कहना है कि यह निर्णय बच्चों की सुरक्षा और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। विभाग के अनुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवारा कुत्तों द्वारा बच्चों को घायल करने की घटनाएँ बढ़ी हैं, इसलिए यह व्यवस्था लागू की गई है। कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नेताओं ने इस आदेश का कड़ा विरोध किया है। बिंद्रा नवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, कांग्रेस नेता शैलेन्द्र साहू, युगल पांडेय, ठाकुर ओंकार सिंह तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद हाफिज खान ने कहा कि शिक्षकों की पूरी जवाबदेही केवल शिक्षा पर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल जनगणना जैसी एक अपवाद स्थिति में ही शिक्षकों को अन्य कार्य सौंपे जा सकते हैं, परन्तु शैक्षणिक कार्य के अतिरिक्त कोई जिम्मेदारी देना अनुचित है। उन्होंने यह भी कहा कि आवारा कुत्तों की निगरानी ▶▶|शेष पेज 12 पर

## कक्षा में किताबें, आंगन में कुत्ते, अब शिक्षक बनेंगे डॉग वॉचर, जिले में गरमाया माहौल



### पालतू तथा आवारा में अंतर करना मुश्किल

शिक्षक संघ ने इस आदेश को अव्यावहारिक, जोखिमपूर्ण और शिक्षा के हित में बाधक बताया है। संघ का कहना है कि हिंसक कुत्तों के पास जाकर उनका विवरण लेना शिक्षकों के लिए जानलेवा हो सकता है, शिक्षकों पर पहले से ही गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ है और कुत्तों की पहचान करना भी बेहद कठिन है क्योंकि वे झुंड में आते हैं, स्थिर नहीं रहते और पालतू तथा आवारा में अंतर करना मुश्किल होता है। सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों को कुत्तों की निगरानी की जिम्मेदारी दिए जाने का यह निर्णय राज्य में शिक्षा व्यवस्था को लेकर नई बहस खड़ी कर रहा है। अब यह देखने योग्य होगा कि सरकार यह आदेश वापस लेती है या इसे विद्यालयों में लागू रखेगी।


### हादसा : सगाई कार्यक्रम में जा रहे थे दोनों युवक, दूसरा गंभीर रूप से घायल रेफर, रायपुर रीफर

# महानदी पुल पर हादसा, अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो को रौंदा, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम-नवापारा क्षेत्र में इन दिनो लगातार हो रही दुर्घटनाओं से थर्राया हुआ है। कब किसका कहां पर दुर्घटना हो जाए कहा नहीं जा सकता। सारे लोग रफ्तार में चलते है। नशे में चलते है और दुर्घटना हो जाती है। रविवार शाम कोई 4 बजे के आसपास महानदी पुल में फिर एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, वहीं उसके साथी को गंभीर अवस्था में रायपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद पुल पर गाड़ियों की लंबी कतारे लग गई। घटना राजिम थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम भोथली निवासी गैंद ▶▶|शेष पेज 12 पर





## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**नवापारा-राजिम।** नवापारा थाना क्षेत्र से एक बार फिर बड़ी खबर सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत फरार हो गया। सूचना मिलते ही नवापारा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि ग्राम सोनेसिल्ली के रहने वाले केशव साहू उम्र 45 वर्ष शनिवार शाम अपने गांव से नवापारा की ओर बाइक से आ रहा था। रास्ते में ग्राम छांटा के पास उनकी बाईक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई और वह गिर पड़ा। दुर्भाग्यजनक बात यह है कि उसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना तेजी से हुआ कि केशव को उठकर संभलने का मौका भी नहीं मिल सका। दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना देने के साथ ही 108 संजीवनी एंबुलेंस को बुलाया। घायल केशव को गंभीर अवस्था में नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ▶▶|शेष पेज 12 पर

# ओडिशा के दो वाहनों से 46 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबाद

जिले में अवैध धान परिवहन और बिक्री पर पुलिस की सख्ती जारी है। इसी क्रम में थाना देवभोग पुलिस ने चेक पोस्ट में निगरानी के दौरान दो बोलेरो पिकअप वाहनों से कुल 46 क्विंटल धान जब्त किया है। दोनों वाहन ओडिशा पंजीकृत बताए जा रहे हैं। पुलिस ने धान और वाहनों को गवाहों के समक्ष जप्त कर आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सीमा क्षेत्रों में विशेष निगरानी बढ़ाई गई है, ताकि दीगर राज्यों से धान की अवैध आवक को रोका जा सके। शासन के अनुसार समर्थन मूल्य पर धान बिक्री केवल पंजीकृत किसानों से निर्धारित उपार्जन केंद्रों में ही की जा सकती है। इसी कड़ी में 23 नवंबर को ओडी-08 ई. 9187 तथा ओ.डी.-08 बी. 7665 नंबर के वाहनों में 115 कट्टा धान पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 42 हजार 600 रुपये आंकी गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, पिछले पखवाड़े में गरियाबंद पुलिस ने अवैध धान परिवहन में उपयोग किए गए 16 वाहनों के साथ कुल 354.8 क्विंटल धान जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 10 लाख 99 हजार 880 रुपये बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों, धान रूटों और संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी जारी रहेगी।



## खबर संक्षेप



### डॉ. चोपकर विभूति अलंकरण अवार्ड 2025 से हुए सम्मानित

**नवापारा-राजिम।** कृषि उपज मंडी समिति के सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ डॉ. शरद चोपकर को उनके शैक्षणिक, संस्कृति व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए विभूति अलंकरण अवार्ड 2025 छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्हें सुरेश ठाकुर, डॉ. निधि चोपकर, कोनिका ठाकुर, पूर्णिमा साहू, अरुण साहू, नागेंद्र तिवारी, दिनेश शर्मा, आकाश पांडे, भूपेश नागवंशी, डेविड निराला, दुकालू यादव, मुन्ना ठाकुर ने बधाई दी हैं।

### भालू के हमले से ग्रामीण घायल

**मैनपुर।** रविवार को वनपरिक्षेत्र इंदागांव (देवभोग) के सहसखोल परिसर अंतर्गत दरलीपारा निवासी जहरलाल (पिता चमरू, जाति–गांडा) पर बकरी चराने के दौरान एक जंगली भालू ने अचानक हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है। वन विभाग द्वारा आपातकालीन सहायता राशि भी मौके पर ही परिजनों को प्रदान की गई है। विभाग ने बताया कि घायल के उपचार और अन्य देय सहायता के प्रकरण को नियमानुसार आगे बढ़ाया जा रहा है।



### मारपीट, जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**महासमुंद।** गुडरूपारा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट, व जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी नरेंद्र कुमार कन्नौजे निवासी वार्ड नंबर 27 गुडरूपारा ने बताया कि वह आबकारी कार्यालय महासमुंद में प्यून का काम करता है। 21 नवंबर को वार्ड नंबर 27 गुडरूपारा महासमुंद के साहू समाज के भवन में दशगात्र कार्यक्रम हो रहा था। रात्रि करीबन 11 बजे के आसपास वह, होरीलाल साहू और राजा यादव के साथ बैठकर आपस में चर्चा कर रहे थे, तभी राजा यादव ने अचानक आवेश में आकर प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# एकलव्य विद्यालय कोसमबुडा की मॉडल यूथ ग्राम सभा में छात्रों ने जानी लोकतंत्र की ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुडा में मॉडल यूथ ग्राम सभा" एक विद्यालय-आधारित राष्ट्रीय पहल है, जिसके माध्यम से भारतभर के स्कूलों में ग्राम सभा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सीखने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। यह छात्रों को जमीनी स्तर के शासन से जोड़ने का देश में पहला संरचित प्रयास है। यह पहल पंचायती राज मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त सहयोग से संचालित की जा रही है। इस कार्यक्रम का कार्यान्वयन चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत जवाहर नवोदय विद्यालय एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय से की गई है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र इसमें ग्राम सभा से जुड़े विभिन्न दायित्वों व पदों की भूमिका निभाते हैं, जैसे सरपंच, वार्ड सदस्य, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता, अभियंता आदि।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। प्रभारी प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए ग्राम सभा की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि "ग्राम सभा हमारे जीवन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने का सबसे महत्वपूर्ण मंच है, इसकी रक्षा और सशक्तिकरण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।"

मुख्य अतिथि किरण ठाकुर,सरपंच, ग्राम पंचायत कोसमबुड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि एकलव्य विद्यालय कोसमबुडा में आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरक और ज्ञानवर्धक रहा। बच्चों ने अपनी भूमिकाएँ इतनी ईमानदारी और गंभीरता से निभाईं कि कार्यक्रम का प्रत्येक क्षण जीवंत, सार्थक और शिक्षाप्रद बन गया।

यह पहल भविष्य के जिम्मेदार, संवेदनशील और लोकतांत्रिक भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अंत में ग्राम पंचायत कोसमबुड़ा की सरपंच ने बच्चों की ▶▶|शेष पेज 12 पर




### यूथ मॉडल ग्राम सभा के मुख्य उद्देश्य

पंचायती राज व्यवस्था का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना। छात्रों में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, और नागरिक जिम्मेदारी विकसित करना। स्थानीय मुद्दों, सुविधाओं और विकास कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना। युवाओं को जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने हेतु प्रेरित करना। सहभागी एवं अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से उन्हें जिम्मेदार, कुशल और संवेदनशील नागरिक बनाना।

### कार्रवाई : ठगी के पैसों का लेनदेन, 11 आरोपी पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

# फर्जी खाते खोलकर 4 करोड़ की ठगी, 2 और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम पुलिस ने फर्जी खाता खोलकर रुपयों का लेने-देने करने वाले 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में 11 आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके है। ये सभी आरोपी ठगी के पैसों का लेनदेन करते थे। इसके बदले खाताधारक को 5 से 6 हजार रुपए दिए जाते थे। दोनों आरोपी के कब्जे से धोखाधड़ी के 60 हजार नगद एवं दो फोन को भी जप्त किया गया है। पुलिस को जानकारी मिली कि जिले के बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 7 खाताधारकों द्वारा 30.05.2024 से 17.03.2025 तक देश के अलग-अलग राज्यों में धोखाधड़ी के कई मामलों में कुल 4 करोड़ 16 लाख 96 हजार 238 रुपए का लेनदेन किया गया है। इन 7 बैंक खातों का उपयोग ऑनलाइन ठगी की रकम प्राप्त करने और अवैध धन अर्जित करने के लिए किया गया था। बताया गया कि इन खातों में साइबर ठगी की रकम एक से अधिक बार जमा की गई है। जानकारी मिलने के बाद राजिम पुलिस ने खाताधारकों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 317(2), 317(4), 318(4), 61(2)(क), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया और 26.05.2025 को म्यूल बैंक खाताधारक सहित प्रमोटर/ब्रोकर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया था।

## नकद और मोबाइल फोन जब्त



इस प्रकरण में अन्य आरोपियों की पता तलाश लगातार जारी था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी लक्ष्मीकांत साहू चंगोराभांठा रायपुर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। उसने बताया कि उसने पूर्व में गिरफ्तार आरोपी योगेंद्र बंजारे को तीन म्यूल खाते उपलब्ध कराने के बदले 60 हजार रुपए लिए थे। पुलिस ने उसके कब्जे से 55 हजार रुपए और एक मोबाइल फोन जब्त किया। पूछताछ में यह भी सामने आया कि लक्ष्मीकांत ने चार और म्यूल खाते उपलब्ध कराने के बदले 5 हजार रुपए आरोपी अभिषेक ठाकुर को दिए थे। इसके बाद पुलिस ने भिलाई के अभिषेक ठाकुर की तलाश कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसके पास से 5 हजार नकद और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया।


हरिभूमि




## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलाासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता–स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता-ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


# रायपुर-बिलासपुर में खुलेंगे बिजली के मीटर जांचने के लिए लैब, भिलाई का लैब भी होगा आधुनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में अब स्मार्ट मीटर लग रहे हैं, तो इसकी जांच की भी व्यवस्था की जा रही है। अब तक भिलाई में एक लैब है, जिसमें नए और पुराने मीटरों की जांच होती है। इसी के साथ करीब छह माह पहले नया रायपुर में केंद्र सरकार के सीपीआरआई का एक लैब खुला है। इसमें भी स्मार्ट मीटरों की जांच होती है।

अब रायपुर और बिलासपुर में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के लैब खोले जा रहे हैं। इसका काम अंतिम चरण पर है। यहां पर भी लैब खुलने के बाद प्रदेश में चार स्थानों में बिजली के स्मार्ट मीटरों की जांच की व्यवस्था हो जाएगी। प्रदेश में जब स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ किया गया तो स्मार्ट मीटरों का परीक्षण कराने का काम भोपाल के लैब में कराया गया, क्योंकि तब प्रदेश में एक भी लैब नहीं था। स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रदेश में टाटा और जीनस कंपनी कर रही है। इनके मीटरों को लगाने से पहले इनका परीक्षण कराया जाता है। इसी के साथ मीटरों के खराब होने या सही काम न करने की शिकायत मिलने पर उसकी जांच का काम भी पहले यहां नहीं हो पाता था, ऐसे में मीटरों को भोपाल भेजना पड़ता था।

**तीनों लैब में स्मार्ट मीटर जांचने की होगी सुविधा, नया रायपुर में केंद्र सरकार का एक लैब पहले से**



### दो नए लैब का चल रहा काम

प्रदेश में अब तक भिलाई में भी एक लैब है जिसमें मीटरों की जांच की जाती है। इस लैब में पहले के पुराने मीटरों की जांच होती थी, अब यहां पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं तो उनकी जांच की भी व्यवस्था भिलाई में है। भिलाई के लैब में किसी भी मीटर की जांच के लिए लंबा समय लगता है, क्योंकि प्रदेश भर के मीटर जांच के लिए यहां पर आते हैं। ऐसे में अब पॉवर कंपनी ने रायपुर के गुढ़ियारी और बिलासपुर के तिफरा में मीटरों के जांच के लिए नए लैब बनाने का काम प्रारंभ किया है। इसी के साथ भिलाई के लैब को भी आधुनिक किया जा रहा है। दो नए लैब प्रारंभ होने के बाद मीटरों की जांच में समय कम लगेगा। इसी के साथ बिलासपुर और सरगुजा संभाग के जिलों के मीटरों की जांच जहां बिलासपुर में हो सकेगी, वहीं रायपुर के लैब में रायपुर संभाग के साथ बस्तर संभाग के मीटरों की जांच होगी। भिलाई के लैब में दुर्ग संभाग के मीटरों की जांच होगी।

## खबर संक्षेप

### लालपुर चौक में रेस्टारेंट, ढाबा की आउटलेट नाली जाम, जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग और जोन अमले द्वारा लालपुर चौक में शिकायत के बाद आरजे 21 रेस्टारेंट, ढाबा की स्वच्छता व्यवस्था की जांच की गई। इस दौरान जन शिकायत सही मिली। ढाबा की आउटलेट नाली जाम मिलने पर संबंधित ढाबा संचालक पर 10 हजार जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही संबंधित व्यवसायी को रायपुर शहर को स्वच्छ बनाने में भागीदार बनने की शपथ दिलवाई गई। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 10 के प्रभारी जोन स्वास्थ्य अधिकारी अमित बेहरा, मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग स्वच्छता निरीक्षक गिरिजेश तिवारी की उपस्थिति में निगम अमले ने लालपुर चौक में शिकायत के आधार पर आरजे 21 रेस्टारेंट की स्वच्छता व्यवस्था का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिकायत सही मिली। संबंधित रेस्टारेंट संचालक को सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर जुर्माना कर भविष्य में इस तरह की गलती न करने की समझाइश दी गई।

### आंबेडकर अस्पताल परिसर से दोपहिया पार

**रायपुर।** मौदहापारा थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ आंबेडकर अस्पताल परिसर से दोपहिया चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बोरियाखुर्द निवासी खुशबू यादव ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। खुशबू ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपनी बड़ी बहन का इलाज कराने आंबेडकर अस्पताल गई थी। अस्पताल के मेन गेट के पास एक्टिवा सीजी 04 एलपी 8475 खड़ी की थी, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

### पटाखे फोड़ने से रोकने पर महिला को पीटा

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक महिला ने पटाखे फोड़ने के विवाद पर तीन लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संतोषी नगर निवासी महेश्वरी साहू ने सेवती विश्वकर्मा, धनेश्वरी साह तथा छोटू ध्रुव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महेश्वरी ने पुलिस को बताया कि तीनों उसके घर के सामने पटाखे फोड़ रहे थे। मना करने पर तीनों ने महेश्वरी के साथ मारपीट की।

### उधार लेन-देन के विवाद पर युवक को पीटा

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक युवक ने एक अन्य के खिलाफ उधार लेन-देन के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खमतराई बसंत विहार कॉलोनी निवासी बसंत चावला ने मनोजानंद तिवारी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### जनकराम दीवान का निधन

**महासमुंद।** आयुर्वेद विभाग में



कार्यरत 58 वर्षीय जनक राम दीवान का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम परसदा (ख) में किया गया। वे पिंकी, मोना, सीमा, अजय, कुशल के पिता थे। अंतिम संस्कार काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

## बारिश खत्म होने के बाद भी नगर निगम बेसुध, दुर्घटना का अंदेशा

# सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, आना-जाना हुआ मुश्किल उखड़ गई डामर की परत, बजरी के साथ उड़ रही धूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी सहित आउटर के वार्डों में मुख्य मार्ग और रहवासी इलाके की सड़क पर डामर की परत उखड़ने से जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं। बजरी के नुकीले टुकड़े और धूल गाड़ियों के आने-जाने के दौरान हवा में उड़ने से लोग परेशान हैं। टिकरापारा के साहू कांप्लेक्स से लेकर भगत सिंह चौक, पचपेड़ी नाका मुख्य मार्ग के सड़क पर गड्ढे ज्यादा होने से दापहिया, तिपहिया और चारपहिया चालकों की परेशानी बढ़ गई है। इसी तरह पुराना धमतरी रोड, कौशिल्या विहार और डूमरतराई वाले मार्ग की हालत खस्ता होने से धूल के गुबार से इस मार्ग पर आने-जाने वाले परेशान हो रहे हैं। इसी तरह आउटर में स्थित महात्मा गांधी वार्ड बंजर पारा बस्ती, गांधी चौक से सब्जी बाजार सड्डू तक के मार्ग बेहद खराब है। वार्ड पार्षद सावित्री धीवर ने रायपुर ग्रामीण विधायक और जोन 9 में सड़क मरम्मत के लिए प्रस्ताव बनाकर भिजवाया। पर स्वीकृति नहीं मिलने से मरम्मत का कार्य नहीं हो पा रहा है।



### टेंडर आ गए हैं, जल्द होगा वर्कआर्डर

शहर के चार विधानसभा क्षेत्रों में खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत कराने ऑनलाइन टेंडर किया गया था। पंद्रहवें वित्त आयोग मद में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 3-3 करोड़ की स्वीकृति इस कार्य के लिए मिली है। प्राथमिकता के आधार पर खराब सड़क की मरम्मत कराने जल्द वर्कआर्डर जारी होगा।

- अंशुल शर्मा जूनियर कार्यपालन अभियंता, लोक कर्म विभाग, नगर निगम रायपुर

**केस 1**

### लभांडी से जोरा पहुंच मार्ग का डामर उखड़ा

नगर निगम जोन 9 के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित लभांडी से जोरा पहुंच मार्ग की डामर वाली सड़क पूरी तरह उखड़ गई है। इसके कारण जगह-जगह बजरी बिखरने और गड्ढा होने से आवागमन में लोगों को दिक्कत हो रही है। यही हाल लभांडी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित पहुंच मार्ग का है जहां पर सड़क खराब होने से लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में परेशानी उठानी पड़ रही है। लभांडी के ही ब्रम्हदेवनगर में निगम ने न तो गंदे पानी के निकासी के लिए नालियां बनाई, न ही लोगों के आने-जाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण किया। पुरानी कच्ची सड़क पर धूल और मिट्टी से होकर गंतव्य तक आने-जाने लोग विवश हैं।

**केस 2**

### पचपेड़ी नाका मुख्य मार्ग खस्ताहाल, जगह-जगह खतरनाक गड्ढे, धूल से पब्लिक बेहाल

नगर निगम जोन 6 के पचपेड़ी नाका मुख्य मार्ग में डामर की परत उखड़ने से धूल उड़ रही है। भारी वाहनों के आने-जाने से जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। बजरी और धूल के गुबार से बचाने पानी की छिड़काव किया जा रहा है, पर गड्ढों में पानी भरने से पैदल, दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया चालकों को भारी परेशानी हो रही है। इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने से ट्रैफिक जाम की समस्या से लोग अकसर जूझ रहे हैं। खासकर के दोपहिया चालकों को ये समझ नहीं आ रहा कि जगह-जगह खतरनाक गड्ढों से होकर गाड़ी कैसे निकालें। शिकायत के बाद भी सड़क मरम्मत का कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ।

**केस 3**

### टिकरापारा नंदी चौक में पाइप लाइन लीकेज ढूंढने बीच सड़क पर गड्ढा

शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के टिकरापारा नंदी चौक मुख्य मार्ग में नगर निगम ने पाइप लाइन लीकेज ढूंढने लंबा चौड़ा गड्ढा खोदवा रखा है। पिछले 3 दिनों से खतरनाक गड्ढा के चलते लोगों को इस मार्ग से होकर आने-जाने में परेशानी हो रही है। जोन दफ्तर में शिकायत के बाद भी पाइप लाइन लीकेज के मरम्मत का काम पूरा नही होने से गडढ़े को बंद नही किया गया है। जबकि इसी मार्ग का उपयोग स्कूली बच्चे, आसपास के कालोनी के रहवासी और नागरिक अकसर करते हैं। बीच सड़क पर गड्ढा खोद देने से दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है।

**केस 4**

### सरोना में संकल्प हास्पिटल से पार्थिवी तक सड़क खराब

जोन 8 क्षेत्र स्थित संत रविदास वार्ड में सरोना क्षेत्र के संकल्प हास्पीटल से पार्थिवी ग्रीन तक की सड़क खस्ताहाल है। भुक्तभोगियों ने इसकी शिकायत भी की है, इसके बाद भी सड़क मरम्मत का कार्य नगर निगम अब तक नहीं करा पाया है।लोगों का कहना है बारिश के समय इस इलाके में पानी के भराव की समस्या रहती है। इसी तरह जोन 5 के महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड में क्रांकीट की सड़क उखड़ने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। सोनार पारा, ढीमरपारा, पटेल पारा गली की सड़क की हालत खस्ता है। हालाकि सड़क मरम्मत के लिए जोन से प्रस्ताव मुख्यालय को मंजूरी के लिए भेजा गया है। प्रस्ताव की स्वीकृति लंबित होने से मरम्मत का काम शुरू नहीं हो पाया है।

### पौने तीन सौ फरार वारंटी गिरफ्तार, बदमाशों को दबोचने सौ से ज्यादा टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी सहित जिले की पुलिस ने अभियान चलाकर 24 घंटे के भीतर पौने तीन सौ से ज्यादा वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। गिरफ्तार वारंटियों में लंबे अरसे से हत्या सहित हत्या की कोशिश, रेप, आर्म्स एक्ट, मारपीट, धोखाधड़ी एवं विभिन्न गंभीर अपराधों के स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी की गई है।

आईजी अमरेश मिश्रा, एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर पुलिस ने स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को सभी एएसपी, सीएसपी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारियों द्वारा अपने थानों के बलों के साथ अपने थाना क्षेत्रों में स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। विशेष अभियान में 24 घंटे के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों में वारंटियों की गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार वारंटियों में से कुछ को महाराष्ट्र, ओडिशा एवं मध्यप्रदेश सहित सरहदी जिलों से गिरफ्तार किया गया है। वारंटियों को गिरफ्तार करने पुलिस की सौ टीमें बनाई गई थीं।

# गांवों में बाल पोषण, स्वच्छता, मानसिक तनाव बाल अधिकार पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ छग के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 के अंतर्गत अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो निर्देशन में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित है।

जागरुकता कार्यक्रम में शामिल शांत्रीबाई महाविद्यालय के रासेयो इकाई गायत्री चंद्राकर द्वारा ग्राम पंचायत झालखम्हरिया में सामाजिक सर्वेक्षण किया। जहां शाला त्यागी, बाल श्रमिक, विकलांग बच्चों एवं आंगनबाड़ी में गर्भवती महिलाओं की ली। ग्राम पंचायत मचेवा में कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरस्वती वर्मा के नेतृत्व में जागरुकता कार्य किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा सर्वे में शाला त्यागी



बच्चे बाल श्रमिक प्राप्त नहीं हुआ। साथ ही गर्भवती माताओं की संख्या 03 प्राप्त हुए एवं विकलांग 02 प्राप्त हुआ। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा एवं राजेश्वरी सोनी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायत कनेकेरा में दीवारों पर नारा लेखन किया गया। आंगनबाड़ी सर्वे से प्राप्त आंकड़े 30 गर्भवती महिलाओं की जानकारी प्राप्त हुआ।

चुम्मन लाल निषाद के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायत साराडीह में आंगनबाड़ी सर्वे में 11 गर्भवती महिला, 08 विकलांग एवं शाला त्यागी बच्चे निरंक रहे। सभी ग्राम पंचायतों के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण आहार, बाल अधिकार, बाल संरक्षण में आंगनबाड़ी के बच्चों को खेल के माध्यम से जागरूक किया। साथ ही शासकीय विद्यालयों में गुड टच बेड टच, बाल अपराध, बाल शोषण, मानसिक उत्पीड़न, पोषण आहार विषयों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को जागरूक किया। गांव में जागरुकता रैली, दीवारों पर नारा लेखन कर लोगों को बाल अधिकार के प्रति जागरूक किया। चौक-चौराहों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। गांव में डोर टू डोर सर्वे किया गया। जिसमें घर में स्वच्छता, शिक्षा, मुखिया का नाम, परिवार में शिक्षित अशिक्षित की जानकारी, टीकाकरण की जानकारी प्राप्त किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा 4 ग्राम पंचायतों में लगभग आंगनबाड़ी एवं स्कूलों के बच्चों सहित लगभग 1940 लोगों को जागरूक किया गया।

### श्री राधाकृष्ण मंदिर में श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन आज से

**नवापारा-राजिम।** नगर के हृदय स्थल गांधी चौक के पास सेठ रेखराज चतुभ्रुज अग्रवाल परिवार द्वारा नगर को समर्पित श्री राधाकृष्ण मंदिर के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य शताब्दी महोत्सव मनाया जा रहा है। नगर भोज के बाद सात दिवसीय वैदिक अनुष्ठान के साथ विशाल विष्णु महायज्ञ प्रारम्भ होने जा रहा है। बता दें कि नगर भोज के दौरान 13 दिनो में कोई 50 हजार लोग भोजन प्रसादी प्राप्त किए। सोमवार 24 नवंबर से रविवार 30 नवंबर तक श्री विष्णु महायज्ञ का भव्य और दिव्य आयोजन किया जा रहा है। यह सात दिवसीय वैदिक अनुष्ठान नगर में आध्यात्मिक माहौल और धार्मिक उत्साह का संचार करेगा। दी गईजानकारी के मुताबिक प्रतिदिन प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक यज्ञ होगा। इस यज्ञ में यजमान के रूप में नयन-निधि अग्रवाल,प्रतीक-पूजा अग्रवाल एवं श्वेता -अंकित अग्रवाल बैठेंगे। इन्हें अनुष्ठान के कड़े नियमो का पालन करना होगा। इस शहर में एक लंबे समय के बाद विष्णु महायज्ञ होने जा रहा है इसे लेकर पूरे शहरवासियो एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुजनों में जबर्दस्त उत्साह का वातावरण है।





# सिंघनपुर में मनाया गया मितानिन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

ग्राम पंचायत सिंघनपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका दिवस व मितानिन दिवस का संयुक्त रूप से सम्मान समारोह रखा गया। जिसमें संतराम कुर्रे शिक्षक द्वारा अपने उदबोधन में नारी शक्ति व उनके अधिकारों के विषय में अपना विचार दिया। उसके बाद देवेंद्र राय (अध्यक्ष प्रा. कृषि शाख सेवा सहकारी समिति सराईपाली) ने मितानिनों, कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं द्वारा कर रहे विभिन्न कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके द्वारा निःस्वार्थ भाव से किये जा रहे कार्य सराहनीय है, धात्री माता व छोटे-छोटे बच्चों के स्वास्थ्य व शुरुआती शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान रहा है। संचालन पंचायत सचिव लीलाधर ध्रुव ने किया। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व मितानिन का श्रीफल व साड़ी का उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से झालबाई राय सरपंच, देवेंद्र राय, लिलाधर ध्रुव सचिव, संतराम कुर्रे



शिक्षक, जया आवड़े (एफएलसीआरपी), पंचगण व प्रतिनिधि किसन जांगड़े, भारत टंडन, लखन ध्रुव, लालजी भारती, चैतराम यादव, सुन्दर कुर्रे, पूरण कोसरिया, बेदराम निषाद, गनेंद्र जांगड़े, डेविड कुर्रे, कमलेश ध्रुव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका - पुष्पा योगी, महेश्वरी राय, सुंदरी योगी अनिता जांगडे, कुमारी प्रभाकर, सुंदर बाई चंद्राकर, निर्मला भारती, सीमा जांगड़े, मितानीन रजवंतीन कोसरिया, मधु निषाद, मोहनी साहू, सावित्री जांगड़े की उपस्थिति रही।

पेज 11 के शेष...

### शिक्षकों को नई...

का निर्णय गलत है और ऐसे आदेशों को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। **बच्चों की सुरक्षा को लेकर दी जिम्मेदारी-** 20 नवम्बर को जारी सरकारी आदेश में कहा गया है कि विद्यालय और उसके आसपास घूमने वाले आवारा कुत्तों की सूचना ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर निगम या निर्धारित अधिकारी को देनी होगी। साथ ही शिक्षकों से आवारा कुत्तों की रोकथाम के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। शिक्षकों द्वारा तैयार की गई जानकारी स्थानीय निकाय की पकड़ने वाली टीम को उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि तत्क्षण कार्रवाई की जा सके। हाल ही में बलौदाबाजार जिले के एक विद्यालय में आवारा कुत्ते द्वारा मध्यान्ह भोजन जूठा करने की घटना सामने आई थी। इसी घटना के बाद सरकार ने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए यह जिम्मेदारी शिक्षकों को सौंप दी।

### महानदी पुल पर...

सिंह ठाकुर अपने दोस्त ड्रोन ध्रुव के साथ राजिम के पास ग्राम कोमा एक सगाई कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वे नवापारा पार कर राजिम की ओर पुल पर आगे बढ़े, तभी सामने से आए अज्ञात वाहन ने तेजी से बाइक को ठोकर मार दी और फरार हो गया। टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर गए। दोनों के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गहरी चोट आई। हादसे के तुरंत बाद पुल पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। फिर दोनों घायलों को तुरंत राजिम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण गैंद सिंह ठाकुर को बचाया नहीं जा सका। वहीं ड्रोन ध्रुव की हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर कर दिया। **मामले की जांच में जुटी पुलिस-** घटना की सूचना मिलते ही राजिम पुलिस मौके पर पहुंची और पुल पर भीड़ को हटाकर रास्ता क्लीयर किया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सोमवार सुबह परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की तलाश में जुट गई है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर की चपेट...

ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम रविवार सुबह हुआ जिसे परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की खबर पर गांव में शोक की लहर है, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस अज्ञात ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी है। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है और फरार चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। इस घटना पर लोग चर्चा करते हुए कह रहे है कि मौत कहां लिखी रहती है। युवक की बाइक स्लीप हुई जिसमें चोट तो नही आई और वह उठ पाता कि पीछे से आ रही ट्रैक्टर ने चपेट में ले लिया। यदि पीछे से ट्रैक्टर या कोई वाहन नही आ रहा होता तो ये घटना टल जाती।

### एकलव्य विद्यालय...

प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए कहा कि *गांव में होने वाली ग्राम सभा में इस प्रकार के मुद्दे कभी भी खुलकर सामने नहीं आते। इसी प्रकार के युवाओं की हमारे देश के विकास की भागीदारी में आवश्यकता है।*कार्यक्रम का संयोजन सामाजिक विज्ञान विषय के अध्यापक द्वय श्री आशुतोष त्रिपाठी एवं श्री शैलेश कुमार सिंह द्वारा किया गया।

### ऑल इंडिया न्यूज़ बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 28 दिसंबर से

**सरायपाली।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीनाकाशी क्रिकेट मैदान में भव्य ऑल इंडिया ड्यूज़ बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन स्वर्गीय रघुवीर साहू की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रायोजक किरण कुमार साहू संस्थापक मित्रा फिट क्लब है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 28 दिसंबर से होगा, जो 4 जनवरी तक चलेगी। प्रतियोगिता में 16 टीमें पूरे भारत देश से पहुंच रही है। जिसमें प्रमुख रूप से विराट क्रिकेट अकादमी कोलकाता, रांची रॉकमेन झारखंड, यूनियन स्पोर्टिंग कटक ओडिशा, मानीगरीव क्रिकेट अकादमी रायपुर, बिलासपुर रेलवे छत्तीसगढ़, झारसुगुडा ओड़िशा, एमएमसीसी संबलपुर ओडिशा, टर्मिनेटर क्रिकेट अकादमी रायपुर छत्तीसगढ़, एमजेसीसी ऑल इंडिया, राउरकेला आशु 11 ओडिशा, प्रोफेशन सीसी रेलवे विशाखापट्टनम, खुरदा रेलवे ओडिशा, एमआरसीसी बैतारी छत्तीसगढ़, पुणे महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तरभा ओडिशा आदि शामिल है।


## खबर संक्षेप



### किसान संघर्ष समिति की बैठक, धान खरीदी और बोनस भुगतान समेत कई मांगों पर चर्चा

**मैनपुर।** किसान संघर्ष समिति मैनपुर की आज रविवार को धन उपार्जन केंद्र नाउमुड़ा में बैठक रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे जिस पर सर्व सहमति से बिंदुवार चर्चा किया गया। एग्रीटेक में नॉमिनी एवं पट्टाधारी का नाम सम्मिलित कर धान खरीदी किया जाए, वन पट्टा में धान खरीदी किया जाए, धान उपार्जन केंद्र में पूर्व कर्मचारी ऑपरेटर को यथावत किया जाए, धान की राशि के साथ बोनस को दिया जाए, ऑपरेटर को 12 महीना का वेतन भुगतान किया जाए, एवं पूर्व के ऑपरेटर को यथावत रहने दिया जाए। धान उपार्जन केंद्र से तत्काल उठाव किया जाए, उपार्जन केंद्र में रख रखाव चबूतरा निर्माण कराया जाए, कमिशन की राशि को समिति खाता में जमा किया जाए। गिरदावरी के अनुसार ऑनलाइन में रकबा नहीं दिखाया जा रहा है उसे सुधार किया जाए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष टीकम सिंह कपिल, बलिराम ठाकुर, प्रेमसाय जगत, एलियाल बाघमार,गयचंद कोमर्रा, हरिश्चंद्र नेगी, रोहन मरकाम, अमृतलाल नागेश, गुमान सिंह ठाकुर, डोमार पटेल, छबिलाल दीवान, मिलन सिंह, आर्तिक नागेश, यमराज ओटी, हरचंद ध्रुव , विजय बहादुर परिहार, समारु राम, बुधारू राम, देवी लाल, गुमान ठाकुर, सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### एसआईआर का जनपद सदस्य ने किया अवलोकन



**नर्रा।** छग राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 4 नवंबर 2025 से शुरू हो चुका है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची एक बड़े और विस्तृत सत्यापन अभियान से है। मृत या डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाना, 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नए पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ना, इस मतदाता सूची में अन्य त्रुटियों को ठीक करना है। ग्राम पंचायत परकोम में बूथ वार गणना प्रपत्रों का वितरण बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर किया। वही सुपरवाइजर हल्का पटवारी गंगाराम ध्रुव सभी बूथों में जाकर सत्यापन अभियान में कार्यरत हैं। इस दौरान जनपद सदस्य लोचन पटेल, सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल, कोटवार छेदूराम चंद्रवंशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जामबाई दीवान, रोजगार सहायक रानी पटेल, मितानिन खेमा दीवान, जयसिंह दीवान, दिनेश दीवान, सहदेव निर्मलकर आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम : मितानिनों की निस्वार्थ सेवा को सराहा, मितानिन दिवस पर छुरा में हुआ भव्य आयोजन**

# मितानिन स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

मितानिन दिवस के अवसर पर छुरा में शीतला मात्रा मंदिर प्रांगण में विकासखंड स्तरीय एक भव्य और गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में छुरा जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य केसरी ध्रुव आदि शामिल हुए। विधायक ने मितानिनों की निस्वार्थ सेवा और समर्पण की जमकर सराहना की और उन्हें स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता और प्राथमिक उपचार पहुंचाने में मितानिनों की भूमिका अतुलनीय है। मितानिन बहनें न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाएँ पहुंचाती हैं, बल्कि वे गाँव-गाँव में जागरूकता की अलख जगाती हैं। कोरोना महामारी के दौरान भी उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर जो सेवा की, वह राष्ट्र सेवा का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। गांव में जब भी प्रसव संबंधित कार्य होता है तो रात को 2 बजे भी मितानिन बहनें सेवा में तत्पर रहती हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने मितानिनों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका कार्य मानव सेवा का एक अद्भुत उदाहरण है। मितानिन बहनें एक सच्चे समाजसेवी की तरह काम करती हैं। उनकी यह निस्वार्थ सेवा ही हमारे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत नींव है। जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने कहा कि इस मंच से आपकी मेहनत और ईमानदारी को नमन करती हूँ।





**बड़ी संख्या में मितानिनें शामिल हुई**

विधायक सहित सभी सभी अतिथियों ने मितानिनों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, उन्होंने मितानिनों की समस्याओं को सुनकर उनके शीघ्र समाधान का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू एस नवरत्न, बीएमओ डॉ. कीर्तन साहू सहित बड़ी संख्या में मितानिनें और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। यह कार्यक्रम मितानिनों के हौसले और उनके सामाजिक योगदान को नई पहचान देने वाला सिद्ध हुआ।

# स्वास्थ्य सुविधा के लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने में मितानिन का महत्वपूर्ण योगदान : नायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में रविवार को मितानिन दिवस के अवसर पर विभिन्न ग्राम पंचायतों में सम्मान समारोह आयोजित कर मितानिन बहनों का सम्मान किया गया। तहसील मुख्यालय ग्राम पंचायत मैनपुर द्वारा मितानिन सम्मान समारोह का शुभारंभ भारत माता की पुजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती हनिता नायक ने मितानिन बहनों को साड़ी, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। जिससे मितानिनों के चेहरे में खुशी देखने को मिली। सरपंच हनिता नायक ने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता हैं, उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार





संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में मितानिन बहनों के योगदान को नही भुला जा सकता। प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जीतनी भी उपलब्धी रही है उसके पीछे महत्वपूर्ण श्रेय मितानिन बहनों की है। मितानिन ब्लॉक समन्वयंक श्रीमती पार्वती नागेश ने कहा कि आज सभी मितानिन बहनें पुरी जिम्मेदारी के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं को अंतिम ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर पेयजल, समस्या और भी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए मितानिन बहने सबसे आगे नजर आती है।

### मितानिनों को मिली नई पहचान

उन्होंने कहा कि आप लोगों के हाथों में एक बड़ी जिम्मेदारी है। गर्भवती महिलाओं को एक नया जीवन देने के साथ उनके बेहतर स्वास्थ्य और बच्चो में कुपोषण दूर करने के अलावा बीमारियों से बचाव में मितानिन की एक बड़ी भागीदारी है। आप लोगों के कार्यो से ही आपकी पहचान है। इस मौके पर प्रमुख रूप से मैनपुर सरपंच हनिता नायक, मितानिन ब्लाक समन्वयक पार्वती नागेश, दुलेश्वरी पटेल, हेमेश्वरी कश्यप, डॉली बाम्बोड़े, सुहागा पाड़े, पार्वती कश्यप, केशर बाई, जमुना पटेल, प्रमिला पटेल, सविता यादव, गंगा मरकाम, देवकी तिरधारी, रम्भा कश्यप, एकता दीक्षित, संतोष पटेल, एस कुमार कश्यप, कमलेश कश्यप, सुकराम नागेश एवं बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि नगरवासी उपस्थित थे।

# 24 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ को लेकर समीक्षा बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम रसेला में 9 से 12 दिसंबर तक 24 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ की तैयारी को लेकर गायत्री मंदिर रसेला में समीक्षा बैठक रखा गया। जिसमें जनप्रतिनिधि और ग्राम प्रमुखों व गायत्री परिवार के सदस्यों महायज्ञ की सफलता के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की शुरुआत गुरु गायत्री वंदना व वैदिक स्वस्तीवाचन के साथ हुई। बताया गया कि गायत्री परिवार का उद्देश्य धर्म तंत्र से नैतिक, सामाजिक, धार्मिक व आध्यात्मिक क्रांति द्वारा भारत की सनातन परंपराओं में समाएं अंधविश्वास, कुरीतियों को समाप्त कर लोकमानस को परिष्कृत करना है। यह कार्य गायत्री महायज्ञ व अनुष्ठान से ही संभव है। ताकि मनुष्यों में देवत्व का उदय व धरती पर सतयुगी वातावरण तैयार हो। बैठक में इस 4 दिवसीय महायज्ञ को सफल बनाने के लिए बिजली, पानी, भोजन,सजावट,आवास, पोस्टर,साज सज्जा,तोरण द्वार,बैनर तथा सुरक्षा व्यवस्था को आकर्षक और भव्य बनाने के लिए सहमति बनी। सभी ग्राम प्रमुखों को अलग अलग विभाग की दायित्व सौंपा गया। जिससे कार्यक्रम का सफल आयोजन हो सकें। महायज्ञ को सफल बनाने के लिए घर घर जाकर संपर्क अभियान चलाने, प्रचार प्रसार बढ़ाने और जनसहयोग प्राप्त करने का निर्माण लिया गया। आयोजन के लिए शेष बचे कार्या को समय रहते पूरा करने के लिए दिशा निर्देश दिया गया। महायज्ञ को सफल बनाने आयोजन के लिए व्यवस्थाओं और तैयारियों की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।



### पूर्व नपाध्यक्ष राशि ने डीएसपी पद पर चयनित हर्ष का किया सम्मान

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2024 की चयन परीक्षा में 34वें रैंक के साथ उपपुलिस अधीक्षक (डीएसपी) पद पर चयनित इमली भाठा निवासी हर्षवर्धन शर्मा पिता विनोद शर्मा के निवास जाकर पूर्व पालिकाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, पूर्व उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, कांग्रेसी नेता नीरज परोहा एवं अरिश अनवर ने पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। हर्ष ने अपनी इस उपलब्धि के लिए परिवारजनों माता भारती शर्मा (गृहिणी), पिता विनोद शर्मा (पुलिस विभाग) व बहन उत्पला शर्मा (अधिवक्ता) को पूरा श्रेय देते हुए उन सभी को अपना पथ प्रदर्शक बताया। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने परिवारजनों से चर्चा के दौरान इस उपलब्धि को परिवार की नही बल्कि संपूर्ण महासमुंद नगर के लिए गौरवशाली बताया। मुलाकात में चयनित छात्र के पिता के साथ पुलिस सेवाकाल में उनके बीते सुनहरे मधुर स्मरणों को भी याद किया।

# श्री द्वारसिवनी व्यापारी विकास संघ की बैठक, 170 व्यापारियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नगर के श्री द्वारसिवनी व्यापारी विकास संघ बैठक हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुआ। बैठक में 170 व्यापारियों ने उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति प्रदान की। श्री द्वारसिवनी व्यापारी विकास संघ की बैठक दिनांक 21नवंबर 2025 दिन शुक्रवार को 170 लोगों की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें श्री गणेश जी व छत्तीसगढ़ महतारी,देवी देवताओं की छाया चित्र पर पूजा पाठ कर गुलाल चंदन बंदन लगाकर बैठक संपन्न किया गया।

इस बैठक मे संघ के संरक्षक यदुनंदन श्रीवास, महेंद्र सिंह ठाकुर, नत्थू कश्यप, नेमीचंद जैन, रामप्रसाद साहू, रामू राम साहू, दिलीप निषाद और डॉ. नाग माता, जितेंद्र सिंहा, सुशील शर्मा, चमन यदु, भीखम साहू की उपस्थिति में द्वारसिवनी व्यापारी विकास संघ के अध्यक्ष युवराज बंटी सिंहा ने कहा कि हमारी व्यापारी संघ में प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष काफी बढ़त में दिख रहा है। 170 लोगों की जनसंख्या अच्छी खासी उपस्थिति देखने को मिल रहा है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि हमारी संग में किसी भी व्यपारी भाई की समस्या को लेकर संघ में अवगत कराता है तो तुरंत निराकरण किया जाएगा।इसके साथ ही विषय में नगर पंचायत की सुलभ शौचालय को जल्द ही चालू कराने के लिए व नगर व्यवसायिक परिसरों में चोरी को रोकने के लिए थाना प्रभारी को आवेदन दिया जाएगा।संघ के कोषाध्यक्ष चमन यदु, सचिव भीखम साहू के द्वारा वार्षिक आय - व्यय की जानकारी दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से संरक्षक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, रामप्रसाद साहू, रामू राम साहू, जितेंद्र सिंहा, सादीक खान, करीम खान, चमन यदु, भीखम साहू, अशोक सिंहा, कमलेश कश्यप, सुशील शर्मा, लीलाधर साहू, संतोष सिंह ठाकुर, तिलक, चीकू सोनी, प्रकाश श्रीवास शामिल हुए।



# कुंडेल-खुटेरी मार्ग की मरम्मत कार्य शुरू

**छुईहा बेलर।** राजिम विधायक रोहित साहू के प्रयासों से छुईहा बेलर क्षेत्र की एक प्रमुख और लंबे समय से लंबित समस्या का समाधान आखिरकार शुरू हो गया है। कुंडेल–खुटेरी बिजली से फिंगेश्वर राजिम पहुंच मार्ग के जीर्णोद्धार कार्य को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग द्वारा गति प्रदान की गई है। ग्राम पंचायत कुंडेल, सिर्री, खुटेरी, बिजली एवं पुरेना मोड़ से होकर गुजरने वाला यह मार्ग पिछले दो वर्षों से अत्यंत बदहाल स्थिति में था। बड़े-बड़े गड्ढों और ऊबड़-खाबड़ रास्ते के कारण स्थानीय नागरिकों को दैनिक आवागमन में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। विशेष रूप से बरसात के दौरान स्कूली बच्चों, मरीजों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग बेहद जोखिम भरा हो जाता था। कुंडेल भाटा स्थित धान संग्रहण केंद्र से भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी। ग्रामीण लंबे समय से जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से इसकी शिकायत कर रहे थे। जनपद सभापति नंदू यादव, खुटेरी के सरपंच बेनीशंकर साहू, कुंडेल के सरपंच गज्जू सिन्हा, सिर्री के सरपंच देवेंद्र वर्मा, बिजली की सरपंच पदमा मोती निषाद सहित भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस समस्या को कई बार संबंधित विभागों के सामने उठाया था।





**विधायक के प्रयास लाए रंग-** जनता की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए, क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू ने राज्य सरकार के मंत्रालय, सचिवालय में पत्राचार किया। उन्होंने कलेक्टर गरियाबंद और पीएमजीएसवाय के वरिष्ठ अधिकारियों को मार्ग की शीघ्र मरम्मत के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। वहीं, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा सिर्रीखुर्द भी लगातार इसके सुधार के लिए प्रयासरत रहे। इन प्रयासों और निर्देशों के अनुपालन को संज्ञान में लेते हुए Pपीएमजीएसवाय विभाग ने आखिरकार मार्ग की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है।

**क्षेत्रवासियों ने जताया हर्ष-** मरम्मत कार्य शुरू होने पर क्षेत्र के सरपंचों, जनपद सदस्यों, भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने विधायक राजिम रोहित साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, लंबे समय से लंबित यह समस्या अब दूर होने जा रही है, जिससे क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी।

# इंजीनियरिंग छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण, पतोरा डैम में सीखा जल प्रबंधन और स्वचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के विद्यार्थियों को व्यावहारिक शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से आज पतोरा डैम, नुआपाड़ा (ओडिशा) का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। प्रस्थान से पूर्व विश्वविद्यालय के कुलसचिव महोदय ने हरी झंडी दिखाकर छात्र-छात्राओं को रवाना किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता ने सभी विद्यार्थियों को सफल, सुरक्षित एवं ज्ञानवर्धक अध्ययन यात्रा की शुभकामनाएँ दीं। भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पतोरा डैम की जल-संग्रहण प्रणाली तथा जल प्रबंधन संरचना का विस्तृत अवलोकन किया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को यह समझाया कि डैम में संग्रहीत पानी को किस प्रकार नियंत्रित चैनलों एवं पाइपलाइनों के माध्यम से जल शोधन संयंत्र तक पहुँचाया जाता है। जल शोधन संयंत्र में विद्यार्थियों ने पानी को पेय योग्य बनाने की पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया, जिसमें प्रमुख चरण शामिल थे स्क्रीनिंग, एरिएशन, कोएगुलेशन, सिडिमेंटेशन, फिल्ट्रेशन तथा क्लोरीनेशन। अधिकारियों ने बताया कि इस संयंत्र में शुद्ध किया गया पानी नुआपाड़ा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति विभाग, सरकार ओडिशा के माध्यम से आपूर्ति किया जाता है। विद्यार्थियों ने ल एंड टी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा स्थापित आधुनिक स्वचालन प्रणाली को भी प्रत्यक्ष रूप से देखा। विशेषज्ञों ने डैम के गेटों के खुलने और बंद होने की स्वचालित प्रक्रिया, कंट्रोल रूम का संचालन, जल-स्तर की सेंसर आधारित निगरानी, तथा डैम सुरक्षा से जुड़े तकनीकी पहलुओं की गहन जानकारी प्रदान की। इस दौरान विद्यार्थियों ने मशीनरी, पैनल सिस्टम, ऑपरेटिंग कंसोल तथा सुरक्षा प्रोटोकॉल का लाइव डेमो भी देखा।




### बोंदा में चक्र पूजा महोत्सव एवं वार्षिक सम्मेलन कल से

**सांकरा।** कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल द्वारा आयोजित चक्र पूजा महोत्सव एवं वार्षिक सम्मेलन इस वर्ष ग्राम केदुवां (सरायपाली) शाखा सभा बोंदा में 25 नवंबर से 28 नवंबर तक बड़े हर्षोल्लास एवं धार्मिक गरिमा के साथ होगा। समाज के सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक वैभव को एक सूत्र में पिरोता यह आयोजन इस बार कई विशेषताओं के साथ मनाया जाएगा।

25 नवंबर को महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से होगा, जिसमें लगभग 1000 से 1500 माताएं–बहनें पारंपरिक वेशभूषा में नगर भ्रमण करते हुए शामिल होंगी। कर्मा नृत्य, कीर्तन और जयघोष के साथ कलश यात्रा मूर्ति स्थापना स्थल तक पहुंचेगी। दोपहर 2 बजे से कुराल पुराण गायन तथा रात्रि में ओड़िया पाला (ओडिशा टेमरी) का आध्यात्मिक आयोजन रहेगा। 26 नवंबर को आम सभा, अतिथि सत्कार और महाभंडारा के साथ महाप्रसाद वितरण। रात्रि में मनोहर मांझी लोककला मंच, गिधौरी द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति महोत्सव को विशेष दर्शनीय बनाएगी। इसी दिन शुभा नर्सिंग होम, सरायपाली के सौजन्य से विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा, जिसमें निःशुल्क नेत्र चिकित्सा व्यवस्था भी रहेगी। प्रतिभावान बच्चों का सम्मान, समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। पूरे दिन विशाल मीना बाजार आकर्षण का केंद्र रहेगा। प्रतिदिन प्रातः एवं सायं चक्रधारी भगवान की आरती वातावरण को भक्तिमय बनाएगी। 28 नवंबर को पूर्णाहुति हवन, सामूहिक प्रार्थना और मूर्ति विसर्जन के साथ महोत्सव का शुभ समापन होगा। कुम्हार समाज अपने आराध्य लक्ष्मीनारायण, त्रिदेवों, रुद्रपाल तथा माता रुद्रेश्वरी की पूजा-अर्चना कर समाज एवं राष्ट्र की खुशहाली, समृद्धि और शांति के लिए मंगलकामनाएं करेगा।

# खोमन अध्यक्ष निर्वाचित, कड़ा मुकाबला सिर्फ 1 वोट से तय



**छुईहा बेलर।** नवगठित तहसील साहू संघ फिगेश्वर का बहुप्रतीक्षित चुनाव शनिवार को फिंगेश्वर के साहू भवन में शांतिपूर्ण और समृद्ध माहौल में सम्पन्न हुआ। मतदान के बाद हुई मतगणना में विभिन्न पदों पर प्रत्याशियों के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जिसने चुनाव को लेकर समाज में गहरी उत्सुकता और चर्चा का केंद्र बना दिया। अध्यक्ष पद पर खोमन साहू बेलर ने मात्र एक वोट के मामूली अंतर से जीत हासिल की। उन्हें 148 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी मनोहर साहू खैरझिटी (पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्र जांमगांव) को 147 और नारायण साहू सिर्रीकला को 100 मत प्राप्त हुए। पूरे दिन मतदान के बाद समर्थकों के बीच यह चर्चा का विषय बना रहा कि परिणाम किसके पक्ष में आएगा, और यह मुकाबला आखिरी क्षण तक किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में झुकता हुआ प्रतीत हो रहा था। उपाध्यक्ष पद पर पवन साहू बम्हनी ने 164 मतों के साथ जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी दुर्जन लाल साहू, जामली को 138 और कमलेश साहू, बारुला को 93 मत मिले। महिला उपाध्यक्ष पद पर संगीता साहू, देवगांव ने 99 मतों के साथ निर्णायक जीत प्राप्त की। उनके मुकाबले में जानकी साहू, चरभट्टी को 47 तथा के. कामिनी साहू, सोरिद देवगांव को 123 मत मिले। संगठन सचिव पद पर शेखर साहू, बेलर ने 186 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनके विरोधी परस राम साहू, फिगेश्वर को 134 तथा बसंत साहू, बलरामपुर को 70 मत मिले। महिला सचिव पद पर मोमीन साहू, गनियारी ने 171 मतों के साथ विजय प्राप्त की। इस पद पर श्रीमती शकुन साहू, बोरसी को 131 और रामप्यारी साहू, बहेरापाल को 87 मत मिले।

**विजयी उम्मीदवारों ने ली शपथ-** निर्वाचन के बाद एक सादे समारोह में सभी विजयी उम्मीदवारों ने शपथ ली। गुलाल लगाकर और माला पहनाकर उनका स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, राभमस अध्यक्ष लाला राम साहू, वरिष्ठ समाजसेवी रामाधार साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष राम जी साहू, बेलर परिक्षेत्र अध्यक्ष हरिराम साहू, ओमप्रकाश साहू, दिलीप साहू, सालिक साहू, गंगाराम साहू, बोरसी परिक्षेत्र अध्यक्ष गोवर्धन साहू, जामगांव परिक्षेत्र अध्यक्ष दोहन साहू, ईश्वरी साहू, भुनेश्वर चैतराम सहित अनेक वरिष्ठ समाजिक गणमान्य लोग उपस्थित थे और सभी विजयी उम्मीदवारों को बधाई दी। इस ऐतिहासिक चुनाव के साथ, साहू समाज ने अपने नए नेतृत्व को समर्थन दिया और समाज के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक नया आयाम दिया है।

## खबर संक्षेप




### खरोरा में किया गया मितानिनों का सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खरोरा में 23 नवंबर को मितानिन दिवस मनाया गया। सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर द्वारा मितानिनों का सम्मान श्रीफल व साड़ी भेंटकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम खरोरा के सरपंच वीणा चंद्राकर ने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है।

### कौहाकुड़ा में मनाया गया मितानिन दिवस

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत कौहाकुड़ा में मितानिन दिवस मनाया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत के सभी मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका को सरपंच नारायण पटेल, उपसरपंच हीरालाल पटेल, पंचायत सचिव शिवलाल विश्वकर्मा, रोजगार सहायक महेंद्र कुमार रात्रे एवं सभी पंचों द्वारा सह सम्मान श्रीफल और साड़ी भेंट किया गया।

### बिंद्रावन में कुराल पूजा महोत्सव कल

**नर्रा।** ग्राम बिंद्रावन में कुंभकार समाज कुराल पूजा महोत्सव 25 नवंबर मंगलवार को लक्ष्मीनारायण मंदिर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर एक दिन पूर्व 24 नवंबर सोमवार को सायं बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 7 बजे सुर सुरभि पंडवानी गायिका पूनम सिन्हा का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन प्रातः 8 बजे से हवन पूजन एवं दोपहर 1 बजे महाभंडारा प्रसादी वितरण होगा।

### परसुली में कुराल पूजा कल

**नर्रा।** ग्राम परसुली में कुम्हार समाज द्वारा मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष कुराल पंचमी व चक्र पूजा महोत्सव 25 नवंबर मंगलवार को मनाया जाएगा। प्रातः7 बजे प्रभात फेरी के पश्चात 10 बजे से स्थानीय लक्ष्मी नारायण मंदिर पर हवन पूजन के बाद प्रसादी वितरण होगा। इस अवसर पर रात्रिकालीन भूले बिसरे छग नाच पार्टी मोंगरापाली स का कार्यक्रम रखा गया है।

## निधन

### दयालु राम कंडरा



**छुईहा बेलर।** दयालु राम कंडरा सिरींखुर्द 72 वर्ष का निधन गृह ग्राम निज निवास सिरींखुर्द में हो गया।जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे विधायक राजिम प्रतिनिधि विजय कंडरा सिरींखुर्द का जीजा एंव रोहित, जितेन्द्र का पिता जी थे। जनपद अध्यक्ष नेहरू इंद्राणी साहू, जिला पंचायत सभापति कोमल नंदनी ढीढी, रामाधार साहू, पन्ना साहू मोती निषाद, रेखु साहू, आशाकांत, शामिल हुए।

---

**निरीक्षण : मैनपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर कलेक्टर ने एसआईआर कार्य किया निरीक्षण**

# कलेक्टर उईके ने धीमी गति से चल रहे पुल निर्माण पर जताई कड़ी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उईके रविवार को मैनपुर क्षेत्र के निरीक्षण पर पहुंचे और ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न केन्द्रों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य पात्र मतदाताओं को शामिल करना तथा अपात्र मतदाता को हटाना हैं सभी बूथ लेवल ऑफिसर सत्यापन कार्य को अत्यंत गंभीरता और निर्देशों के अनुरूप पूर्ण करें, कलेक्टर ने कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। ग्राम देहारगुड़ा पहुंचकर मतदान केन्द्र का दौरा कर मतदाता सूची अघतन एवं डीजीटाईसेन कार्य की प्रगति की समिक्षा किया और इस कार्य में तेजी लाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहिकाओं, मितानिनों और पंचायत प्रतिनिधियों से भी सहयोग करने कहा है। ग्राम देहारगुड़ा एवं खामभाठा के बीच पैरी नदी में पूल निर्माण कार्य की धीमी गति के संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत किया तो गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने तत्काल पूल निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे जहां निर्माण कार्य की धीमी गति को देखकर जमकर नाराजगी जताई है निर्माण स्थल पर निर्माण संबंधी कोई सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है तत्काल सूचना बोर्ड लगाने के साथ निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। इस दौरान ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया पूल ठेकेदार एवं संबंधित लोक निर्माण सेतु सभाग निगम द्वारा पुल निर्माण कार्य के तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है कार्य बहुत धीमी गति से किया जा रहा है अगर ऐसी ही कार्य चलता रहा तो आने वाले बारिश में भी पूल निर्माण कार्य पूरा नहीं होगा



### कलेक्टर ने बच्चों से मुलाकात की

इस दौरान संबंधित इंजीनियर अनुपस्थित मिले जिस पर बड़ी कार्रवाई किए जाने की संभावना व्यक्त किया जा रहा है। कलेक्टर के साथ निरीक्षण में मैनपुर तहसीलदार श्री मेहता, एडिशनल सीईओ डीएस नागवंशी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल, प्रधानपाठक चित्रसेन पटेल, सरपंच महेश दीवान, पूर्व उपसरपंच पवन दीवान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। रविवार अवकाश में भी शिक्षण की लगन कलेक्टर उईके ने शिक्षको के प्रयासों की सराहना की। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देहारगुड़ा में रविवार अवकाश के दिन भी विद्यार्थियों द्वारा की जा रही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी का आज कलेक्टर गरियाबंद श्री भगवान सिंह उईके ने औचक निरीक्षण किया। विद्यालय पहुंचते ही कलेक्टर ने बच्चों से आत्मीय मुलाकात की और शिक्षकों की मेहनत व लगन की खुलकर प्रशंसा की।

### लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें तभी सफलता मिलेगी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर उईके ने विद्यार्थियों से पढ़ाई से संबंधित प्रश्न पूछे तथा बच्चों द्वारा दिए गए संतोषजनक उत्तरों की सराहना करते हुए कहा कि "मन लगाकर नियमित अध्ययन करने से सफलता निश्चित मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निरंतर अभ्यास करते रहने, लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई देखकर संतोष व्यक्त किया। बच्चों द्वारा दीवारों पर बनाई गई शैक्षणिक पेंटिंग, पर्यावरण संरक्षण से संबंधित चित्र और प्रेरणादायी स्लोगन देखकर उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की संयुक्त पहल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि देहारगुड़ा शाला के बच्चे जिस समर्पण के साथ अवकाश में भी अध्ययन कर रहे हैं, वह पूरे जिले के लिए प्रेरणादायी है। साथ ही शिक्षकों द्वारा अवकाश के दिन अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने के प्रयासों को भी सराहा। औचक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय प्रशासन को ऐसे ही सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने की बात कही और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



मैनपुर पैरी नदी में 4 करोड़ 54 लाख की लागत से पुल निर्माण किया जा रहा है लेकिन निर्माण कार्य में धीमी गति के साथ लापरवाही बरतने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया और कई खमिया गिनाई। इस पर कलेक्टर जमकर नाराजगी की जताई और निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया और समय सीमा के भीतर तय मापदण्ड के अनुसार पुल निर्माण कार्य को पूर्ण करने का सक्त निर्देश दिया साथ ही तत्काल सूचना बोर्ड लगाने को कहा है।

---

## शिक्षक का बेटा बना सहायक संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र में शिक्षा को महत्व देने वाले शिक्षक देवलाल बरिहा की सुपुत्र ने बड़ी परिश्रम, संघर्ष और दृढ़ संकल्प को मिसाल पेश करते हुए आदिवासी विकासखंड मैनपुर के शिक्षक देवलाल बरिहा बेटा तुकेश कुमार बरिहा ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की कठिनतम परीक्षा में सफलता प्राप्त कर परिवार, क्षेत्र व समाज थे नाम रोशन किया है। पिता के शाला से शिक्षा प्रारंभ कर देश के प्रतिष्ठित उत्कल विश्वविद्यालय भुवनेश्वर, उड़ीसा तक में सफर तय करने वाले तुलेश कुमार बरिहा ने 11 वर्ष की आयु में ही माता-पिता और घर-परिवार से दूर रहकर निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और लगन के बल पर प्रथम प्रयास में ही यह मुकाम हासिल की। जब उन्हें सहायक संचालक, समाज कल्याण विभाग का पद मिलने की जानकारी गांव को हुई तो कोनारी, चिहरापारा जाड़ापदर गाँव सहित पूरे मैनपुर क्षेत्र में हर्ष का माहौल बन गया। तुलेश कुमार बरिहा ने बताया कि उन्होंने कुल 6275 अंक अर्जित कर इस पद को हासिल किया। जिस पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमृतलाल नागेश, नेहर सिंह नागेश, लक्ष्म आरतिक साहू, सोबन यादव, आशीष गुप्ता , आलोक गुप्ता, अनित वर्मा, नियाजी राम, परेल, रविशंकर बघेल,केशव मरकाम, रामदेव बघेल ,पिलेश्वर सोरी ओमप्रकाश, गंगाराम मरकाम, नाथूराम मरकाम ,राजू साहू, टीकम सिंह कपिल मुकेश कपिल पूर्व सरपंच हरचंद ध्रुव, बलराम नागेश, चन्द्र किशोर नागेश, चन्द्र किशोर बघेल इत्यादि ने शुभकामनाएं दी।



---

# मैनपुर में अंधेरे के खिलाफ आंदोलन की तैयारी

**8 पंचायतों के ग्रामीणों ने दी चक्काजाम की चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर अन्तर्गत राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के 8 ग्राम पंचायतों भूतबेड़ा, कोचेंगा, कोकड़ी, गरहाडीह, गौरगांव, शोभा, अड़गडी, गोना के पाराटोला एवं आश्रित ग्राम में रविवार को लोग आज़ादी के 78 वर्षों बाद अंधकार में जीवन-यापन कर रहे हैं। इन पंचायतों के लिए विद्युतीकरण कार्य की पूर्व में स्वीकृति मिलने के बावजूद वर्ष 2023 में सरकार बदलने के पश्चात कार्य रोक दिया गया है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठजनों की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को ग्राम मोंगराडीह मे आयोजित की गई जिसमें आंदोलन की रणनीति पर विशेष चर्चा हुई है। क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा, कृषि–सिंचाई, रोजगार, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर इसके दुष्प्रभाव स्पष्ट रूप से पड़ रहे हैं और क्षेत्र के विकास को प्रशासनिक उपेक्षा रोक रही है। यदि एक माह के भीतर विद्युतीकरण कार्य पुनः शुरू नहीं किया गया, तो नेशनल हाईवे – 130, राजापड़ाव मुख्य मार्ग पर क्षेत्र के हजारों की संख्या में अनिश्चितकालीन चक्काजाम किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी। जनभागीदारी की व्यापक अपील क्षेत्र के लोगो ने कहा कि हम इस न्यायपूर्ण संघर्ष में जिले के सभी सामाजिक संगठनों, किसानों, मजदूर भाइयों, व्यापारियों और छोटे दुकानदारों, ट्रक/बस/ऑटो/वाहन मालिक संघ,सरकारी व संविदा कर्मचारी संगठन, छात्र एवं युवा साथियों से सक्रिय सहयोग और पूर्ण समर्थन की अपील करते हैं। यह आंदोलन किसी व्यक्ति या पाटएँ का नहीं,बल्कि हमारे जल जंगल जमीन और मूल अधिकारों की लड़ाई है। बैठक का सफल संचालन पूरन मेश्राम एवं आभार रोहन नेताम द्वारा किया गया।

### प्रशासन को आज सौंपा जाएगा ज्ञापन



सोमवार को मैनपुर एसडीएम को कलेक्टर गरियाबंद के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि हम जिला प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि ग्रामीणों की लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का प्रयास न किया जाए और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। लोगों ने कहा कि हम न्यायमूलक विकास में विश्वास रखते हैं, लेकिन यदि अधिकार छीनने की कोशिश हुई, तो हमारे शांत संघर्ष की ज्वाला को रोकना मुश्किल होगा। बैठक में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, जय अंबेडकरवादी युवा संगठन अध्यक्ष पतंग मरकाम, जनपद सदस्य फूलचंद मरकाम, रमूला बाई मरकाम, सरपंच दीनाचंद मरकाम, घनश्याम मरकाम, चिमन नेताम, शंकर नेताम, सरपंच प्रतिनिधि टीकम मरकाम, नरेश नेताम, सर्व आदिवासी समाज प्रमुख सुनील मरकाम, रामचंद परदे, रोहन नेताम, अजय नेताम, सखाराम मरकाम, महेश सूर्यवंशी,नकुल नागेश, पुरुषोत्तम परदे, रमेश मरकाम, रविंद्र मरकाम, पूरन मेश्राम, दुर्गेश नेताम, दुर्जन मरकाम, पुनाराम नेताम, दुर्जन मरकाम, लोकनाथ, गोकुल नेताम, रामदेव मरकाम, बिसरू राम मरकाम, निरंजन नेताम, नंदलाल नागेश, मदन यादव, रामूलाल,बंशी मरकाम, मंगलूराम, संतकुमार नेताम, जैत राम सहित क्षेत्र भर के सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# सिर्रीकला में रासेयो के सांस्कृति कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फणीकेश्वरनाथ कालेज की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक का आयोजन ग्राम सिर्रीकला में किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने ग्रामीण समुदायों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं शिविर दिवसों में लोगो का हूजूम देखने को मिला। कार्यक्रम संयोजक डॉ. देवादास बंजारे ने बताया कि स्वयंसेवकों में सामाजिक उत्तरदायित्व और जागरूकता पैदा करने का यह एक सशक्त माध्यम हैं। एनएसएस के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थानीय समुदायों के साथ जुड़ाव बनाने और सामाजिक संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रसारित करने में मदद करते हैं।शिविर के दौरान लोक नृत्य और



लोकगीत,स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने और दर्शकों का मनोरंजन करते हुए सामाजिक एकता का संदेश दिया।स्वागत गीत और प्रार्थना, शिविरों की शुरुआत में एक सकारात्मक और अनुशासित माहौल बनाया। मूक अभिनय द्वारा बिना शब्दों के गंभीर सामाजिक मुद्दों, जैसे पर्यावरण संरक्षण, अंध विश्वास तथा नशाखोरी के दुष्प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया एवं सामाजिक मुद्दों पर तीखा प्रहार किया गया। एनएसएस नुक्कड़ नाटक सार्वजनिक स्थानों पर प्रस्तुत किए गए और आम लोगों की भाषा में सामाजिक और राजनीतिक संदेशों को सीधे उन तक पहुंचाया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अपने घर के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों को भी साफ रखने का संदेश दिया गया। नशे के दुष्प्रभावों, एड्स और सड़क दुर्घटनाओं के जोखिमों के बारे में जागरूकता पैदा किया गया। यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया गया। नारी शिक्षा, समानता और महिलाओं के सम्मान के बारे में समाज को संवेदनशील बनाने का प्रयास किया गया। वनों की कटाई के जोखिमों, अपशिष्ट प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन पर जोर देने का प्रयास किया गया। एड्स जागरूकता, उचित पोषण तथा किसी महामारी से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देने का प्रयास किया गया।

---

### टीकम नागवंशी गोडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड कुर्रूभाठा निवासी एवं आदिवासी भुंजिया नेता टीकम सिंह नागवंशी को गोड़वाना गणतंत्र पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर सिंह मरकाम के द्वारा पार्टी संगठन को विस्तार एवं मजबूत करने के लिए नई कार्यकारणी का गठन किया गया है। जिसमें मैनपुर क्षेत्र के टीकम नागवंशी को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिससे गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारियो ने बधाई दी है। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष टीकम नागवंशी ने कहा पार्टी संगठन द्वारा उन्हे जो जिम्मेदारी सौपी गई है उसमें पूरी तरह खरा उतरने का कार्य किया जायेगा क्षेत्र में गोड़वाना गणतंत्र पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य करना है।

### लाखों के ई-रिक्शा कबाड़ में गांव में पसरा कचरे का ढेर




**रसेला।** ग्राम पंचायत रसेला में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गांव को स्वच्छ और सुंदर रखने के लिए लाखों रुपए खर्च कर दो ई रिक्शा खरीदा गया था। इसके बावजूद गांव की दशा नहीं बदल पायी है। जिम्मेदारी अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा गांव में स्वच्छ भारत मिशन के कामों की मानिटरिंग नहीं करने के कारण ही सरपंच एवं सचिव भी निष्क्रिय बने हुए हैं। जिसके चलते ग्राम पंचायत रसेला में स्वच्छता अभियान का हाल बेहाल है। कई जगहों पर कूड़ा कचरा का ढेर लगा हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत रसेला सहित कई ग्राम पंचायतों में वर्ष 2020-21 में कचरा प्रबंधन एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए बड़ी रकम खर्च कर ई रिक्शा लिया गया था। लाखों रुपए की ई रिक्शा एक दिन भी गांव की गलियों में नजर नहीं आया। शीतला मंदिर के पास रखें ई रिक्शा आज ऐसी स्थिति में है खुद कचरा ढोने वाले रिक्शा अनुपयोगी, जर्जर तथा कबाड़ हो गया है। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रदाय की जानी वाली सामग्री के रखरखाव की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को दिया गया था।




---

**एसआईआर शिविर में पहुंचे नपा अध्यक्ष, एसडीएम, तहसीलदार**

# अधिकारियों ने मतदाताओं की उलझनों का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य को पूरा करने में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी जुटे हुए है। नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, अनुविभागीय अधिकारी रवि सिंह, तहसीलदार विक्रांत राठौर नगर के विभिन्न वार्डो में लगाए गए शिविर पहुंचकर बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया एवं कार्य की प्रगति का जायजा लिया। प्रशासनिक अधिकारियो ने मतदाताओं की समस्याओं एवं उलझनों से रूबरू होकर शिविर में ही त्वरित निराकरण किया। बता दे कि मतदाताओं को बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, पालिका कर्मचारी के माध्यम से एस आई आर फॉर्म बांटने का कार्य लगभग पूर्णतया की ओर है। फॉर्म जमा करने के लिए नगर के प्रत्येक वार्ड, आंगनबाड़ी केंद्र एवं पालिका परिसर में नियमित रूप से शिविर लगाए जा रहे है। अनुविभागीय अधिकारी रवि सिंह ने बताया कि एसआईआर का कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक पूर्ण किया जाना है।

### वैध मतदाता सूची एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए एसआईआर




नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने कहा कि नगर में एसआईआर को पूरा करने में प्रशासनिक अमला, अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि जुटे हुए है। एसआईआर का मूल उद्धेश्य है कि वैध मतदाता छूटे नहीं और अवैध मतदाता जुड़े नहीं। नगर के सभी मतदाताओं से अपील है कि एसआईआर कार्यों में लगे अधिकारी, कर्मचारी का सहयोग करें। भारत के लोकतंत्र को और मजबूत बनाने के लिए 4 दिसंबर के पूर्व एसआईआर फॉर्म पूर्ण रूप से से भरकर आवश्यक अनिवार्य दस्तावेज के साथ जमा करें। नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू द्वारा एसआईआर फार्म भरने के लिए सभी वार्डो में जाकर नागरिकों से जल्द से जल्द फार्म भरने के लिए बीएलओ नगर पालिका के कर्मचारियों एवं प्रभारी शिक्षक के पास मिलकर कम्प्लीट कर जमा करने अपील किया जा रहा है यदि कोई परेशानी हो तो उच्च अधिकारियों से बात कर समाधान किया जा रहा है। आज एसडीएम रवि सिंह एवं तहसीलदार विक्रांत राठौर द्वारा सभी जगह जाकर निरीक्षण किया गया।

